दैनिक सवेरा टाइम्स

अंधेरे से उजाले की ओर...

Bathinda : पुलिस ने नकली लाहौरी जीरा बनाने वाली कंपनी पर की कार्रवाई, मामला दर्ज

बठिंडा: पंजाब के मोहाली में संचालित फूड प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की नकल करके बठिंडा में लाहौरी जीरा तैयार करने वाली कंपनी के खिलाफ पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।आपको बता दें कि,मोहाली की फूड प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के कानूनी सलाहकार अरुण कुमार ने बठिंडा पुलिस को दी अपनी शिकायत में कहा कि कश्मीर हाइजीनिक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी गोविंदपुरा उनकी कंपनी द्वारा

तैयार लाहौरी जीरा की नकल करके लाहौरी जीरा शीतल पेय तैयार कर रही है और उसे बाजार में बेच रही है।

अरुण कुमार की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए कैंट थाना पुलिस ने 1500 डिब्बे लाहौरी जीरा बरामद किया और कश्मीर हाइजीनिक प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एसएचओ कुलदीप सिंह ने बताया कि कश्मीर हाइजीनिक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और जल्द ही इस मामले में कंपनी के पार्टनर और डायरेक्टर को नामजद किया जाएगा।

Source: https://dainiksaveratimes.com/punjab/bathinda-police-took-action-against-the-company-making-fake-lahori-cumin/